सूचकांक इन श्रेणियों के औसत निष्पादन को दिखाता है। खनन तथा उत्खनन के अपेक्षाकृत निम्न निष्पादन के बावजूद सामान्य सूचकांक नीचे क्यों नहीं गिरा?

**थोक मूल्य सूचकांक (WPI)**

थोक मूल्य सूचकांक में वस्तुओं के भार का निर्धारण आधार वर्ष के घरेलू उत्पादन के वस्तु मान तथा आयात के मानों (आयात कर सहित) द्वारा होता है। यह साप्ताहित आधार पर उपलब्ध होता है। वस्तुओं को सामान्यत: तीन वर्गों में वर्गीकृत किया गया है, जैसे प्राथमिक वस्तुएँ, ईंधन, विद्युत, प्रकाश एवं स्नेहक (लुब्रीकेंट) तथा विनिर्मित उत्पाद। भार योजना नीचे दी गई है। ईंधन, शक्ति, प्रकाश तथा स्नेहक को दिए गए निम्न भार यह दर्शाते हैं कि सरकार ऐसे व्यक्तव्य देकर कैसे बच सकती है कि तेल की कीमत में वृद्धि, मुद्रास्फीति को नहीं बढ़ायेगी, कम-से-कम अल्पावधि में।

सारणी 8.5

| *श्रेणी* | *भार % में* | *मदों की संख्या* |
|---|---|---|
| प्राथमिक वस्तुएँ | 22.0 | 98 |
| ईंधन, शक्ति, प्रकाश तथा स्नेहक | 14.2 | 19 |
| विनिर्मित उत्पाद | 63.8 | 318 |

***स्रोत:** आर्थिक सर्वेक्षण 2004–2005, भारत सरकार पृष्ठ-89*

## कृषि उत्पादन सूचकांक ( Index number of Agricultural Production )

कृषि उत्पादन का सूचकांक परिमाण मूल्यानुपातों का एक भारित औसत है। इसकी आधार अवधि त्रैवार्षिक है, जिसका अंतिम वर्ष 1981–82 है। 2003–04 में कृषि उत्पादन सूचकांक 179.5 था। इसका अर्थ है कि तीन वर्षों, 1979–80, 1980–81 एवं 1981–82 के दौरान कृषि उत्पादन में औसतन 79.5 प्रतिशत वृद्धि हुई। इस सूचकांक में खाद्यानों का भार 63.92 प्रतिशत है।

## संवेदी सूचकांक ( Sensex )

आपने प्राय: समाचार पत्रों में ऐसे समाचार पढ़े होंगे, ''संवेदी सूचकांक ने 8700 का आँकड़ा पार कर लिया। बी.एस.ई. (मुंबई स्टॉक एक्सचेंज) 8650 अंकों पर बंद हुआ। निवेशकों की संपत्ति में 9000 करोड़ रु की वृद्धि हुई। संवेदी सूचकांक ने अपने इतिहास में पहली बार 8700 के अंक को पार किया, किंतु 8650 अंक पर बंद हुआ, जो बंद होने के स्तर का एक नया रिकार्ड है।'' संवेदी सूचकांक में यह वृद्धि आजतक का सर्वोच्च स्तर है, जो सामान्य तौर पर अर्थव्यवस्था की अच्छी दशा का सूचक है। जैसे-जैसे शेयर की कीमत में वृद्धि होती है, जो संवेदी सूचकांक में वृद्धि द्वारा प्रतिबिंबित होती है, शेयर धारकों की संपत्ति का मान भी बढ़ता है।

अन्य समाचारों को देखिए,

''लगातार 30 दिनों में संवेदी सूचकांक 600 अंक नीचे गिरा।'' निवेशकों को 1,53,690 करोड़ रु की संपत्ति की हानि हुई। जबकि संवेदी सूचकांक लगातार दो दिनों में 338 अंक नीचे गिरा, यह 4 अक्टूबर से अब तक 6.8% या 598 अंक की क्षति के साथ नीचे आया है, जबकि यह उस समय 8800 अंकों पर सर्वाधिक था। इस अवधि के दौरान निवेशकों को भिन्न-भिन्न समयों पर, 1,53,690 करोड़ रु या 6.7% की दर से, संपत्ति की क्षति हुई।

इससे यह प्रदर्शित होता है कि अर्थव्यवस्था की दशा ठीक नहीं है। निवेशक इस बात को तय करने में कठिनाई महसूस कर सकते हैं कि निवेश करें या नहीं।

हाल ही के वर्षों में मानव विकास सूचकांक एक अन्य उपयोगी सूचकांक के रूप में उभर कर आया है। शीघ्र ही उत्पादन कीमत सूचकांक, थोक कीमत सूचकांक की जगह ले लेगा।

